भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2651**
19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

## श्रीअन्न 2023 का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष

**2651. श्री रघु राम कृष्ण राजू:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** श्रीअन्न प्रसंस्करण क्षमता में विस्तार, ओ.डी.ओ.पी. चयन और श्रीअन्न से संबंधित आयोजनों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों जिनका राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में आयोजन किया गया सहित श्रीअन्न 2023 के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के भाग के रूप में आयोजित आयोजनों का ब्यौरा क्या है; और

**(ख)** हितधारकों की भागीदारी नवउत्पादों में प्रदर्शन और स्थापित सहयोग, जिसमें भारतीय ब्रांडों और उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ावा देने पर जोर दिया गया, के साथ ही 3-5 नवम्बर, 2023 के दौरान "विश्व खाद्य इंडिया" नामक वैश्विक खाद्य आयोजन के परिणाम क्या रहे?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री**
**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

**(क):** अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष (आईवाईओएम) 2023 के हिस्से के रूप में, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने देश भर में फैले 27 जिलों में मिलेट (श्री अन्न) महोत्सव की एक श्रृंखला का आयोजन किया है। महोत्सवों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इसके अलावा, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 3-5 नवंबर, 2023 के दौरान आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई), वर्ष 2023 में श्री अन्न फोकस क्षेत्रों में से एक था।

एमओएफ़पीआई अपनी योजनाओ के माध्यम से देश में श्री अन्न प्रसंस्करण और परिरक्षण अवसंरचना को भी मजबूत कर रहा है। 8 बड़ी संस्थाओं और 22 एमएसएमई के प्रस्तावों सहित 30 श्री अन्न आधारित प्रस्तावों को 800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) के अंतर्गत सहायता के लिए मंजूरी दे दी गई है। प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएम-एफएमई) योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत श्री अन्न प्रसंस्करण इकाइयों के लिए 90.80 करोड़ रुपये के कुल 1745 ऋण स्वीकृत किए गए हैं। एमओएफ़पीआई ने अपनी पीएमएफ़एमई योजना के अंतर्गत श्री अन्न उत्पादों वाले 19 जिलों को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के रूप में पहचाना है और श्री अन्न उत्पादों के लिए 3 विपणन और ब्रांडिंग प्रस्तावों को मंजूरी दी है। साथ ही, श्री अन्न प्रसंस्करण लाइनों वाले 10 राज्यों में 17 ऊष्मायन केंद्रों को मंजूरी दी गई है।

**(ख):** वर्ल्ड फूड इंडिया वर्ष 2023 में घरेलू और विदेशी हितधारकों के व्यापक स्पेक्ट्रम ने भाग लिया, जिसमें 1208 प्रदर्शक, 7 मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सहित 14 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, 715 विदेशी और 218 घरेलू खरीदार, 97 कॉर्पोरेट लीडर, 25 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के अलावा 10 केंद्रीय मंत्रालय/विभाग, 6 कमोडिटी बोर्ड शामिल थे। नीदरलैंड इस आयोजन का भागीदार देश और जापान फोकस देश था। वर्ल्ड फूड इंडिया वर्ष 2023 के दौरान घोषित निवेश हितों और हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की कुल राशि 33,129 करोड़ रुपये है।

*****

**अनुबंध**

**"अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023" के संबंध में 19 दिसंबर, 2023 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2651 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | महोत्सव की तिथि | राज्य | ज़िला |
|---|---|---|---|
| 1 | 21-22 जनवरी, 2023 | मध्य प्रदेश | मंडला |
| 2 | 22-23 जनवरी, 2023 | आंध्र प्रदेश | विजयनगरम |
| 3 | 28 फरवरी-1 मार्च, 2023 | बिहार | भोजपुर |
| 4 | 3-4 मार्च, 2023 | उत्तर प्रदेश | आगरा |
| 5 | 6-7 मार्च, 2023 | तमिलनाडु | मदुरै |
| 6 | 17-18 मार्च, 2023 | ओडिशा | नुआपाड़ा |
| 7 | 25-26 मार्च, 2023 | तेलंगाना | महबूबनगर |
| 8 | 20-21 अप्रैल, 2023 | राजस्थान | जोधपुर |
| 9 | 27-28 अप्रैल, 2023 | झारखंड | खूंटी |
| 10 | 2-3 मई, 2023 | अरुणाचल प्रदेश | तिरप |
| 11 | 17-18 मई, 2023 | उत्तराखंड | अल्मोडा |
| 12 | 30-31 मई, 2023 | केरल | पलक्कड़ |
| 13 | 6-7 जून, 2023 | गुजरात | सूरत |
| 14 | 26-27 जून, 2023 | बिहार | पटना |
| 15 | 06-जुलाई, 2023 | गुजरात | अहमदाबाद |
| 16 | 07-जुलाई, 2023 | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 17 | 12-जुलाई, 2023 | छत्तीसगढ | रायपुर |
| 18 | 12-जुलाई, 2023 | महाराष्ट्र | पुणे |
| 19 | 17-अगस्त, 2023 | राजस्थान | जयपुर |
| 20 | 19-20 अगस्त, 2023 | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 21 | 28-अगस्त, 2023 | कर्नाटक | मंड्या |
| 22 | 05-सितम्बर, 2023 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 23 | 05-सितम्बर, 2023 | पंजाब | अमृतसर |
| 24 | 15-सितम्बर, 2023 | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 25 | 05-अक्टूबर, 2023 | जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू |
| 26 | 05-अक्टूबर, 2023 | महाराष्ट्र | ठाणे |
| 27 | 24-नवंबर, 2023 | अंडमान और निकोबार द्वीप | पोर्ट ब्लेयर |

******